**<u>एन के बागड़ोदिया ग्लोबल स्कूल</u>**

**<u>सेक्टर- 17 ,द्वारका</u>**

**<u>सत्र -2019-20</u>**

**<u>समय</u> : 1 घंटा** (Sample Paper) **<u>पीरिओडिक एसेस्मेन्ट</u> -1**

**<u>कक्षा</u> : चौथी** **<u>अ .अ</u> -20**

**<u>सामान्य निर्देश :-</u>**

- इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं क, ख, ग, घ |
- चारों खंडों के उत्तर देने अनिवार्य हैं |
- प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमश: दीजिए|

---

**<u>अपठित बोध</u>**

**<u>(खंड- 'क')</u>**

**प्रश्न1-** <u>निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए</u> – **(5)**

3 दिसंबर 1984 को भोपाल में एक फैक्ट्री से मिथाइल आइसो साइनेट नामक एक बेहद जहरीली एवं जानलेवा गैस रिसकर हवा में मिल गई। इस गैस का रिसाव इतनी जल्दी हुआ कि फैक्ट्री के आस-पास रहने वाले लोग भाग भी न सके। वैसे भी यह रात के समय हुआ था। इस जहरीली गैस की मात्रा इतनी अधिक थी कि लोगों को उसी समय साँस लेने में परेशानी होने लगी।लोगों ने वहाँ से भागना चाहा पर वे भाग न सके और असमय मौत का शिकार बन गए। लाखों लोग श्वसन तंत्र की बीमारियों का शिकार बन गए और बाद में भी कई लोग मर गए। यहाँ तक कि उस समय के बाद कुछ सालों तक अपंग बच्चे पैदा हुए या उन्हें श्वास संबंधी कोई रोग था। पेड़ -पौधों के पत्ते काले होते गए और वे नष्ट हो गए। आज इतने सालों बाद भी लोग इन बिमारियों का परिणाम भुगत रहे हैं।

**(क) लोग किस बीमारी का शिकार हो गए? (.5)**

1. श्रवण संबंधी 2. नेत्र संबंधी 3. श्वसन संबंधी 4. मुख संबंधी

**(ख) 1984 भोपाल की फैक्ट्री में कौन-सी दुर्घटना घटी? (1)**

**(ग) 'विज्ञान मनुष्य के लिए एक वरदान है या अभिशाप' इस विषय पर अपने विचार लिखिए।(1.5)**

**(घ) पंक्तियों में से २ संज्ञा शब्द छाँटकर लिखो और उनके भेद लिखो** (2)

**<u>व्याकरण</u>**

**<u>(खंड -'ख' )</u>**

**प्रश्न 2- दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्यों को दोबारा लिखें :- (1+1=2)**

- <u>कवयित्री</u> एक <u>लेखिका</u> भी है|
- <u>अध्यक्ष</u> ने <u>सेठ</u> को डराया|

**प्रश्न 3- निम्नलिखित शब्दों को शुध्द करके लिखे:-** **(.5+.5=1)**

- कयोकी
- परिक्षा

**प्रश्न 4- निम्नलिखित शब्दों के भाववाचक संज्ञा शब्द लिखें:-** **(.5+.5=1)**

- माता
- निज

**प्रश्न 5- निम्नलिखित संयुक्तव्यंजनो से 2 नए शब्द बनाइए :-** **(.5+.5=1)**

- ज्ञ
- श्र

**सहित्य**

**(खंड -'ग ')**

**प्रश्न 6- निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही 'तीन' प्रश्नों के उत्तर दें:-** **(1+1+1=3)**

**(क)** मधुलिका का व्यवहार कैसा था?

**(ख)** राजकुमार सिद्धार्थ कहां टहल रहा था?

**(ग)** राजा ने हंस किसको दिया?

**(घ)** सिद्धार्थ ने किस की जान बचाई?

**प्रश्न 7- निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें :-** **(2)**

सूरज से खिलाता है हमको
बड़े सवेरे उठना,
सिखलाती है हवा खुशी की
लय में चलते रहना|

(क) इस कविता और कवि का नाम बताइए?

(ख) सूरज और हवा हमें क्या सिखाती है?

**(खंड- 'घ')**

**प्रश्न 8- चित्र का वर्णन अपने शब्दों में करें:-** **(5)**

